Drishti IAS

करेंट अफेयर्स राजस्थान

सितम्बर 2024

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

अनुक्रम

राजस्थान **3**

- राजस्थान के 17 नए ज़िलों पर समीक्षा बैठक 3
- पुलिस बल में महिलाओं के लिये 33% कोटा 3

दृष्टि The Vision

नोट :

राजस्थान

राजस्थान के 17 नए ज़िलों पर समीक्षा बैठक

चर्चा में क्यों ?

हाल ही में राजस्थान में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाए गए **17 नए ज़िलों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिये एक समीक्षा बैठक आयोजित** की गई।

मुख्य बिंदु

- **नए ज़िले और संभाग:** राजस्थान में **नए ज़िलों** में अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर शहर, खैरथल, ब्यावर, जयपुर ग्रामीण, नीमकाथाना, डीग, जोधपुर शहर, फलौदी, डीडवाना, जोधपुर ग्रामीण, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर, और शाहपुरा शामिल हैं।
  - इसके अतिरिक्त, **तीन नए संभाग**-बांसवाड़ा, पाली और सीकर-बनाए गए हैं।
- **लागत और प्रशासन:** एक ज़िला बनाने में लगभग **2,000 करोड़ रुपए** की लागत आती है (समीक्षा समिति की रिपोर्ट के अनुसार)।
  - वर्ष **2008 में स्थापित** प्रतापगढ़ ज़िला अभी भी अधूरा है और प्रशासनिक कार्य लंबित हैं।
- **भविष्य की योजनाएँ:** सेवानिवृत्त IAS अधिकारी ललित के. पवार को **17 नए ज़िलों की देख-रेख** करने और जनता से फीडबैक एकत्र करने के लिये पुन: नियुक्त किया गया है।
  - वह समिति के आगे के विचार के लिये तथ्यात्मक और विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करने के लिये ज़िम्मेदार हैं।

पुलिस बल में महिलाओं के लिये 33% कोटा

चर्चा में क्यों

हाल ही में राजस्थान सरकार ने पुलिस बल में **महिलाओं के लिये 33% आरक्षण** को अनुमति दी है, साथ ही पेंशनभोगियों के लिये 5% अतिरिक्त भत्ता भी दिया है।

मुख्य बिंदु

- मंत्रिमंडल ने **राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989** में संशोधन को मंज़ूरी दी।
- केंद्रीय सरकार पेंशन नियमों के अंतर्गत **राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम, 1996** के **नियम 67 एवं 87** में संशोधन को भी स्वीकृति दी गई।
  - 70 से 75 वर्ष की आयु के पेंशनभोगियों के लिये 5% अतिरिक्त भत्ता स्वीकृत किया गया।
  - यदि कोई अन्य पात्र सदस्य नहीं है, तो **दिव्यांग बच्चों, आश्रित माता-पिता और दिव्यांग भाई-बहनों** को अब **पेंशन भुगतान आदेश (Pension Payment Order- PPO)** में स्थायी रूप से जोड़ा जा सकता है।
  - राज्य कर्मचारियों के लिये **ग्रेच्युटी एवं मृत्यु ग्रेच्युटी 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए** की गई।

नोट: केंद्र सरकार ने **मार्च 2015** में दिल्ली में गैर-राजपत्रित पदों (कांस्टेबल से सब-इंस्पेक्टर) पर सीधी भर्ती में महिलाओं के लिये **33% आरक्षण** को मंज़ूरी दी थी।

✦ ✦ ✦ ✦

नोट :